पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री शंकरानन्द) : (क) से (ग) जी, हां, कच्चे तेल की उत्पादन लागत स्थान दर स्थान और छोर दर छोर बदलती रहती है । तथापि, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग, जो कि देश के कच्चे तेल के प्रमुख उत्पादक हैं, के अनुसार वर्ष 1980-81 और 1990-91 के लिए उत्पादन की औसत लागत क्रमशः 431 रु० प्रति मी० टन और 2066 रु० प्रति मी० टन थी । उत्पादन लागत में यह वृद्धि, सेवाओं के खर्च, इनपुट, और सांविधिक प्रभारों में वृद्धि की वजह से हुई थी ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ.) प्रश्न नहीं उठता ।

तेल शोधन क्षमता

3180. डा. जिनेन्द्र कुमार जैन :
श्री रणजीत सिंह :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान तेल शोधन क्षमता के लक्ष्य में वृद्धि करने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस उद्देश्य के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं के निर्माण के लिए स्थान, क्षमता और लागत के संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) विद्यमान रिफाइनरियों में विस्तार/और उनमें अड़चनों को दूर करके एवं नई रिफाइनरियां स्थापित करके अतिरिक्त रिफाइनरी क्षमता को सृजित किया जा रहा है । स्थान, क्षमता और लागत संबंधी जानकारी संलग्न विवरण में दी गई है।

विवरण

तेल शोधन क्षमता

परियोजना का नाम स्थान	सृजित की जाने वाली अतिरिक्त क्षमता (एमटीपीए में)	अनुमानित लागत (करोड़ रुपयों में)
विस्तार/अड़चनें दूर करने संबंधी परियोजनाएं		
1. कोयाली रिफाइनरी	3.00	303
2. बरौनी रिफाइनरी	0.50	19.5
3. मद्रास रिफाइनरी	0.90	38
4. गुवाहाटी रिफाइनरी	0.15	0.20
5. कोचीन रिफाइनरी	2.5/3.0	481.24
6. डिग्बोई रिफाइनरी	0.15	350
7. बोंगाईगांव रिफाइनरी	1.00	222.99

नई रिफाइनरियां*

1.	करनाल रिफाइनरी	6.00	2647.16
2.	नुमालीगढ़ रिफाइनरी	3.00	1830.00
3.	मंगलौर रिफाइनरी	3.00	1160.00
4.	नारीमानम में मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड की आसवन सुविधाएं	0.5	114.30
5.	पूर्वी भारत रिफाइनरी	6.00	ये अभी प्रारंभिक अवस्था में है । लागत और स्थान की अभी पुष्टि नहीं हो पाई है ।
6.	पश्चिमी भारत रिफाइनरी	6.00	
7.	मध्य भारत रिफाइनरी	6.00	

*इन परियोजनाओं की स्थापना आठवीं और नौवीं पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान की जाएगी ।

Sales turnover of I.O.C. Ltd.

3181. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what was the sales turnover of the Indian Oil Corporation Ltd. (I.O.C.) as on 31st January, 1992 as compared to 31st January, 1991;

(b) what was the rank of I.O.C. amongst the top global companies in transacting the sales during the year 1990-91 as per Fortune's global listing; and

(c) what are Government's plans for expansion of IOC's Marketing Division during the year 1992-93 and during the Eighth Five Year Plan period?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) April 1991—January—1992—Rs. 15950.82 crores. April 1990—January—1991— Rs. 15221.73 crores.

(b) 144th.

(c) The Annual Plan of IOC for 1992-93 provides Rs. 136 crores for capital expenditure on various continuing and new projects for their marketing activities. This is excluding DBC and net of LPG deposits. Additionally, an amount of Rs. 320 crores has been provided under non-plan for other projects.

तेल की खोज के लिए फ्रांस के साथ समझौता

3182. श्री अजीत जोगी :
कुमारी आलिया :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तेल और प्राकृतिक गैस आयोग/भारतीय गैस प्राधिकरण का भारत के दक्षिण भागों में उपलब्ध प्राकृतिक गैस की खोज के लिए प्रौद्योगिकी प्राप्त करने के लिए फ्रांस के साथ समझौता करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और